| Class: VI( 2nd lang.) | Department: Hindi | |
|---|---|---|
| पाठ 9- पार नज़र के | Topic: प्रश्नोत्तर तथा व्याकरण भाग | Note: Pl. write in your note book |

पाठ - 9 - पार नज़र के -

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न1-छोटू और उसकी माँ के बीच रोज़ क्या बात होती थी ?
उत्तर-उन दोनों के बीच सुरंगनुमा रास्ते की बात होती थी ।

प्रश्न 2- छोटू के पापा किधर से काम पर जाया करते थे ?
उत्तर- छोटू के पापा सुरंग से काम पर जाया करते थे।

प्रश्न 3- छोटू की माँ किसका इंतजार कर रही थी?
उत्तर- छोटू की माँ छोटू का इंतजार कर रही थी|

प्रश्न4 नासा द्वारा छोड़े गए अंतरिक्ष यान का क्या नाम था ?
उत्तर-नासा द्वारा छोड़े गए अंतरिक्ष यान का नाम वाइकिंग था ।

प्रश्न 5- अंतरिक्ष यान किस ग्रह से छोड़ा गया था ?
उत्तर - अंतरिक्ष यान पृथ्वी से छोड़ा गया था ।

प्रश्न 6 - छोटू को पिटने से किसने बचाया ?
उत्तर- छोटू के पापा ने छोटू को पिटने से बचाया।

प्रश्न 7- सिपाही क्यों दौड़े चले आए ?
उत्तर - छोटू को वापस ले जाने के लिए सिपाही दौड़े चले आए।

प्रश्न 8- सूर्य की रोशनी गर्मी और शक्ति देने वाले उपकरण कहाँ लगे थे?
उत्तर- सूर्य की रोशनी गर्मी और शक्ति देने वाले उपकरण ज़मीन के ऊपर लगे थे।

प्रश्न 9- छोटू के पापा क्या पहन कर ज़मीन के ऊपर जाते थे ?
उत्तर- छोटू के पापा खास प्रकार का स्पेस सूट पहन कर ज़मीन ऊपर जाते थे ।

प्रश्न10 - छोटू का परिवार किस ग्रह पर रहता था ?
उत्तर - छोटू का परिवार मंगल ग्रह पर रहता था।

**लघु उत्तरीय प्रश्न -**

प्रश्न 1. छोटू के पापा जिस स्पेस- सूट को पहन कर काम करने जाते थे,उसकी क्या विशेषता थी ?

उत्तर :- छोटू के पापा जिस स्पेस- सूट को पहन कर काम करने जाते थे,उसकी यह विशेषता थी कि वह स्पेस- सूट उन्हें ऑक्सीजन देता था तथा ठंड से बचाता था|

प्रश्न 2. छोटू को उसके पापा ने झापड़ क्यों मारा ?

उत्तर :- कॉन्सोल पैनेल पर लगे लाल बटन को दबाकर काम में रूकावट डालने के कारण छोटू के पापा ने उसे झापड़ मारा |

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न :-**

प्रश्न 3-छोटू को सुरंग में जाने की इजाज़त क्यों नहीं थी ?

उत्तर:- छोटू या किसी आम आदमी को सुरंग में जाने की इजाज़त नहीं थी क्योंकि उस सुरंग से ज़मीन पर जाने का रास्ता था , इसके अलावा सुरंग में भी कई तरह के यंत्र लगे हुए थे। वहाँ केवल उन यंत्रों की देखभाल का काम करने वाले लोग ही जाते थे, आम आदमी बिना सुरक्षा उपकरणों के वहाँ जीवित नहीं रह सकता था |

प्रश्न 4. कंट्रोल रूम में जाकर छोटू ने क्या देखा और वहाँ उसने क्या हरकत की?

उत्तर:- कंट्रोल रूम में जाकर छोटू ने देखा सब लोग मंगल पर उतरे यान से परेशान थे। सब लोग स्क्रीन पर दिखाई दे रहे अंतरिक्ष यान की हरकत को ध्यान से देख रहे थे । तब छोटू का सारा ध्यान था कॉन्सोल पैनेल पर था । वहाँ एक लाल बटन उसे आकर्षित कर रहा था। उसे दबाने की अपनी इच्छा को वह रोक नहीं पाया और उसने बटन दबा दिया।

प्रश्न 5. कहानी में अंतरिक्ष यान को किसने भेजा था और क्यों?

उत्तर:- मंगल की मिट्टी के विभिन नमूने इकट्ठे करने के लिए कहानी में अंतरिक्ष यान को नेशनल
एअरोनाटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने भेजा था, क्योंकि पृथ्वी के वैज्ञानिक मंगल ग्रह पर इस बात का पता करना चाहते थे कि क्या मंगल ग्रह पर भी पृथ्वी की ही तरह जीव रहते हैं या नहीं ?

शब्दार्थ :-

काल्पनिक- imaginary मंगल ग्रह- planet Mars निवासियों- natives , residents सुरंग नुमा – सुरंग जैसा like a tunnel चुनिंदा - चुने हुए selected हथियाना – हासिल कर लेना -gained

खाँचा - a small slit , slot ,coop निरीक्षक यंत्र - जाँच करने वाला tools for investigation , संदेह - शक doubt, suspicion हरकत-हलचल - movement to act

नियंत्रण केंद्र -control room , सिपाही - sepoy वातावरण- माहौल atmosphere विशेष प्रशिक्षण- खास सिखलाई special training संतुलन- ताल –मेल balance नष्ट- बर्बाद destroyed vanished पूर्वज –पुरखे ancestors स्थिति-हालात situation तकनीकी ज्ञान-शिल्पक technical knowledge उपकरण- यंत्र instruments

सतर्कतापूर्वक- सावधानी से with alertness , caution अंतरिक्ष यान – वाहन spacecraft , झलक – दिखाई देना reflec ,a glimpse कंट्रोल रूम –नियन्त्रण कक्ष- control room बेकार – useless घोषणा-announcement निर्धारित कार्य- पहले से तय काम prescribed work दुरुस्त- ठीक to repair नमूने-samples ,specimen

## व्याकरण भाग - उपसर्ग ,प्रत्यय ,नुक्ता –

प्रश्न - 1. दिए गए उपसर्गों से दो दो शब्द बनाइए :-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 - | आ - | आ+जन्म - | आजन्म, | आ+मरण | - आमरण |
| 2 - | निर् - | निर्+भय - | निर्भय , | निर्+दोष | - निर्दोष |
| 3 - | अध - | अध+जला - | अधजला , | अध+पका | - अधपका |
| 4 - | अप - | अप+मान - | अपमान , | अप+शब्द | - अपशब्द |
| 5 - | वि - | वि +देश - | विदेश , | वि+नाश | - विनाश |
| 6 - | ख़ुश - | ख़ुश+बू - | ख़ुशबू , | ख़ुश+किस्मत | - ख़ुशकिस्मत |

प्रश्न - 2. दिए गए प्रत्ययों से दो –दो शब्द बनाइए :-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | दार | - दुकान+दार - | दुकानदार , | ईमान+दार - | ईमानदार |
| 2 - | पन | - बच्चा+पन - | बचपन , | लड़का+पन - | लड़कपन |
| 3 - | आपा | - बूढ़ा +आपा - | बुढ़ापा , | मोटा +आपा - | मोटापा |
| 4- | गर | - जादू +गर - | जादूगर , | सौदा + गर - | सौदागर |
| 5- | ईला | - ज़हर+ईला - | ज़हरीला , | रस + ईला - | रसीला |
| 6- | मान | - शक्ति+ मान - | शक्तिमान , | बुद्धि + मान - | बुद्धिमान |

प्रश्न- 3 दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए –

| | |
|---|---|
| 1- बिना सोचे समझे किया गया विश्वास - | अंधविश्वास |
| 2- आज्ञा का पालन करने वाला - | आज्ञाकारी |
| 3- जिसे लज्जा न आती हो - | निर्लज्ज |
| 4- वर्ष में एक बार होने वाला - | वार्षिक |
| 5- जिस ने कोई अपराध न किया हो - | निरपराध |
| 6- जिसका कोई इलाज न हो - | लाइलाज |
| 7- जो साथ पढ़ता हो - | सहपाठी |
| 1- सत्य बोलने वाला - | सत्यवादी |
| 2- जिसमें सहने की शक्ति हो | सहनशील |
| 3- मास में एक बार होने वाला - | मासिक |
| 4- केवल शाक-सब्जी खानेवाला | शाकाहारी |
| 5- जिसके पास धन न हो | निर्धन |
| 6- जिसका आकार हो | साकार |

*******